फैक्स/क्यूमेल/आवश्यक

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश

टावर–1 चर्तुर्थ तल, सिग्नेचर बिल्डिंग गोमती नगर विस्तार, लखनऊ–226002

सख्याःअठ्ठारह–एएसआई(लेखा)271–2023 दिनांकःलखनऊःदिसम्बर 30,2023

## आदेश

उत्तर प्रदेश पुलिस लिपिक, लेखा एवं गोपनीय सहायक संवर्ग सेवा नियमावली–2015 (यथा–संशोधित) में निहित निर्देशों के अर्न्तगत अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुये, ज्येष्ठता के आधार पर पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) से पुलिस उपनिरीक्षक(लेखा) के पद पर पदोन्नति हेतु भर्ती बोर्ड स्तर पर गठित विभागीय चयन समिति की संस्तुति अध्यक्ष, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ के पत्र संख्याः पीआरपीबी–चार–10(33)–2023 दिनॉक 18.10.2023 द्वारा इस मुख्यालय को उपलब्ध कराई गयी है, जिसमें 32 कार्मिकों को पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) से पुलिस उप निरीक्षक(लेखा) के पद पर पदोन्नति हेतु उपयुक्त पाया गया है, जिसे पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है। उपयुक्त पाये गये 32 कार्मिकों के सापेक्ष दिनांकः 30.11.2023 तक पुलिस उपनिरीक्षक(लेखा) की विद्यमान 22 रिक्तियों के सापेक्ष 22 पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) को तत्कालिक प्रभाव से इनके वर्तमान नियुक्ति स्थान पर ही पुलिस उपनिरीक्षक (लेखा) के पद पर प्रोन्नति प्रदान की जा चुकी है। शेष बच रहे 10 चयनित कार्मिकों का पदोन्नति आदेश माह दिसम्बर 2023 से माह जून–2024 तक होने वाली पुलिस उपनिरीक्षक(लेखा) की रिक्तियों के सापेक्ष समायोजित किया जाना प्रस्तावित है।

2. दिनांकः31.12.2023 को पुलिस उपनिरीक्षक(लेखा) के 02 कार्मिकों के अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने के दृष्टिगत वर्तमान में पुलिस उपनिरीक्षक(लेखा) के पद की 02 रिक्तियॉ विद्यमान हैं, जिसके सापेक्ष अध्यक्ष उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा उपलब्ध करायी गयी विभागीय चयन समिति की सूची के कमांक–23 एवं 24 पर अंकित कर्मी को तत्कालिक प्रभाव से इनके वर्तमान नियुक्ति स्थान पर ही पुलिस उपनिरीक्षक (लेखा) के पद पर पदोन्नति प्रदान की जाती है, जिसका विवरण निम्नवत हैः–

| क0 सं0 | वरिष्ठता कमांक | पीएनओ | नाम | पिता का नाम | जन्म तिथि | वर्तमान नियुक्ति | चयन वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 23 | 59 | 030880014 | गायत्री शुक्ला | राधे लाल | 01-02-1981 | लखनऊ | 2023 |
| 24 | 60 | 030898165 | पुष्पा देवी | राम चन्द्र सोनकर | 10-07-1981 | महोबा | 2023 |

3. पदोन्नति प्राप्त उपरोक्त पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) अपने नियुक्ति स्थान जनपद/ इकाई/शाखा पर कार्यभार ग्रहण करेगें। उक्त कार्मिकों के परिवीक्षा काल हेतु उ0प्र0 पुलिस लिपिक लेखा एवं गोपनीय सहायक संवर्ग सेवा नियमावली–2015 (यथा संशोधित) में अंकित प्राविधान के अनुसार कार्यवाही अपेक्षित होगी।

4. पदोन्नति पर कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व संबंधित पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) से **संलग्न प्रारूप (क)** में स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र लेकर यह सुनिश्चित किया जायेगा कि शासनादेश संख्याः 13/21 /89–का–1–1997 दिनांकः 28.05.1997 के खण्ड–2 में दी गयी निम्नलिखित 03 परिस्थितियॉः–

(क) यदि कार्मिक निलम्बित चल रहा है,

(ख) यदि कार्मिक के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही या प्रशासनाधिकरण की कार्यवाही लम्बित है, जिसके लिये आरोप–पत्र जारी किया जा चुका है।

(ग) यदि आपराधिक आरोप के आधार पर कार्मिक के विरूद्ध अभियोजन की कार्यवाही लम्बित है अर्थात न्यायालय में अभियोजन हेतु आरोप–पत्र प्रस्तुत किया जा चुका है। उपरोक्त तीनों परिस्थितियॉ सम्बन्धित पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) के विरूद्ध विद्यमान न हों।

5. यदि स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र में अथवा अभिलेखों में प्रस्तर–3 में अंकित परिस्थितियॉ विद्यमान नहीं हैं तो सम्बन्धित पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) को पुलिस उपनिरीक्षक (लेखा) के पद पर कार्यभार ग्रहण कराया जायेगा। यदि स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र में अथवा अभिलेखों में प्रस्तर–3 में अंकित परिस्थितियॉ विद्यमान पायी जाती है तो सम्बन्धित कर्मी के पदोन्नति के आदेश का कियान्वयन न कराया जाये तथा सम्पूर्ण तथ्यों सहित आख्या इस मुख्यालय को उपलब्ध कराते हुये दिशा–निर्देश प्राप्त किया जायेगा।

6. यदि सम्बन्धित पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) द्वारा स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र में अंकित कोई तथ्य असत्य अथवा छिपाया हुआ पाया जाता है तो सम्बन्धित पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कराये जाने की कार्यवाही उस जनपद/इकाई द्वारा की जायेगी, जिस जनपद/इकाई में सम्बन्धित पुलिस सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) द्वारा स्वहस्ताक्षरित घोषणा–पत्र प्रस्तुत किया गया है। साथ ही प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रति सहित संबंधित कर्मी को पदावनत किये जाने के सम्बन्ध में कार्यवाही हेतु सम्पूर्ण तथ्य/अभिलेख इस मुख्यालय को उपलब्ध कराया जायेगा।

7. आदेश की प्रति उ0प्र0 पुलिस की वेबसाईट http://uppolice.gov.in पर प्रदर्शित की जा रही है।

<u>संलग्नकः</u> **प्रारूप (क)**

30/12

( घनश्याम चौरसिया )
पुलिस अधीक्षक, स्थापना
उतर प्रदेश।

**प्रतिलिपिः** निम्नलिखित को उपरोक्त सन्दर्भ में कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1–अध्यक्ष, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ।
2–पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ।
3–अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज जोन, प्रयागराज।
4–पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र बॉदा।
5–पुलिस अधीक्षक जनपद महोबा।

# स्वघोषणा–पत्र

मैं शपथकर्ता (नाम/पदनाम व पीएनओ)-------------------------------------------पुत्र

---------------निवासी-----------------थाना-------------जनपद-----------------

वर्तमान में(जनपद/इकाई)---------------------------------------नियुक्त हूँ। मैं प्रमाणित करता हूँ कि:–

(1) मेरे विरूद्ध उ0प्र0 अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की (दण्ड और अपील) नियमावली–1991 के नियम–14(1) के अन्तर्गत कोई विभागीय कार्यवाही लम्बित/प्रचलित नहीं है और न ही कोई आपराधिक अभियोग मा0 न्यायालय में विचाराधीन है।

(2) मेरे विरूद्ध उ0प्र0 अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की (दण्ड और अपील) नियमावली–1991 के नियम–14(1) के अन्तर्गत जनपद/इकाई-----------में कार्यवाही लम्बित है, जिसमें दिनांकः-------को आरोप–पत्र दिया गया है।

(3) मेरे विरूद्ध मु0अ0सं0-------------धारा--------------------------थाना-------------

जनपद----------में लम्बित है, जिसमें दिनांकः----------को स्थानीय पुलिस अथवा जॉच एजेन्सी--------------द्वारा आरोप–पत्र मा0 न्यायालय में प्रेषित किया गया है तथा अभियोग वर्तमान में--------------स्तर पर चल रहा है।

2– मेरे द्वारा प्रस्तुत घोषणा–पत्र में अंकित तथ्य यदि असत्य अथवा छिपाया पाया जाता है तो मेरे विरूद्ध स्थापित विधि व्यवस्था के अन्तर्गत नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाय, जिस पर मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी। यह घोषणा–पत्र मेरे द्वारा पूर्ण रूप से होशोहवास में बिना किसी दबाव के दिया जा रहा है, जिसका मेरे द्वारा पूर्ण रूपेण पालन किया जायेगा।

हस्ताक्षर

नाम/पदनाम/पीएनओ
नियुक्ति स्थान–
दिनांकः–

प्रमाणित
जनपद/इकाई के प्रभारी

नाम/पदनाम की मुहर

नोट–स्वघोषणा–पत्र के प्रस्तर–1 के उपप्रस्तर–(1), (2) व (3) में से जो लागू न हो उसे स्पष्ट रूप से काट (x) दिया जाय।